कार्यक्रम का नाम– मिशन शक्ति मतदाता जागरूकता मेहंदी प्रतियोगिता

दिनांकः 03.05.2024

मुख्य अतिथि– प्रो0 अमन चन्द्रा

विशिष्ट अतिथि– प्रो0 शशि बाला

कार्यक्रम की अध्यक्षता– प्रो रविन्द्र कुमार

आयोजन स्थल–

मुख्य परिसर ललिता शास्त्री सभागार, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा।

आयोजित गतिविधियां– मतदाता जागरूकता लोकगीत, लोकनृत्य, कढ़ाई प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता।

कार्यक्रम का उद्देश्य– जिस प्रकार मेहंदी लगने के बाद रंग लाती है वैसे ही सशक्त राष्ट्र बनता है मतदान करने के बाद।

मंच संचालन – डॉ0 चमन कौर

धन्यवाद ज्ञापन– डॉ0 रेखा शर्मा

कार्यक्रम सहसंयोजक– डॉ0 नीतू सिंह

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण–

आज दिनांक 3 मई, 2024 को जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाअधिकारी गोंडा के दिशा निर्देशन में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के ललित सभागार में भव्य मतदाता जागरूकता मेहंदी प्रतियोगिता एवं कढ़ाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में 476 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया एवं कढ़ाई प्रतियोगिता में 370 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। बालिकाओं द्वारा मेरा गोंडा श्मेरी शान 20 मई करें मतदान, विषय पर लगाई गई मेहंदी एवं कढ़ाई प्रतियोगिता इतनी मनमोहन और खूबसूरत थी कि निर्णायक मंडल को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान निकालने में बहुत सी मशक्कत करनी पडी। डॉक्टर चमन कौर स्वीप कोऑर्डिनेटर ने बताया मेहंदी प्रतियोगिता कराने का हमारा उद्देश्य है जिस प्रकार मेहंदी लगने के बाद रंग लाती है वैसे ही राष्ट्र सशक्त बनता है मतदान करने के बाद। कढ़ाई प्रतियोगिता का उद्देश्य यह संदेश देना है कि जिस प्रकार कढ़ाई करने के बाद कपड़े की खूबसूरती बढ़ती है उसी प्रकार प्रत्येक राष्ट्र की मजबूती बढ़ती है निष्पक्ष और शत–प्रतिशत मतदान के बाद। आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रो0 अमन चंद्रा, प्रो शशिबाला, निर्णायक मंडल की भूमिका में रहें। मेहंदी प्रतियोगिता में एलिया हसन बी,ए सेकंड सेमेस्टर प्रथम स्थान नैना विश्वकर्मा एवं तबस्सुम बी.ए सेकंड सेमेस्टर द्वितीय स्थान, रिचा कुमारी, खुशी तिवारी एवं अर्चना मिश्रा बी0ए0 4 सेमेस्टर तृतीय स्थान एवं तालमुंनिशा बीए सेकंड ईयर में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कढ़ाई प्रतियोगिता में नूर सबा फिफ्थ सेमेस्टर प्रथम स्थान, नेहा बी0ए0 6 सेमेस्टर द्वितीय स्थान, खुशबू मिश्रा बी0 ए0 सेकंड सेमेस्टर तीर्थ स्थान एवं मुस्कान गुप्ता बी0ए0 5 सेमेस्टर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। डॉ नीतू सक्सैना डॉ वंदना तिवारी कार्यक्रम की संयोजक रही। प्राचार्य प्रो रविंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए 20 मई को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की और सभी छात्राओं को स्वयं मतदान करने और पूरे परिवार को मतदान करने का संकल्प दिलाया।

निर्णायक मण्डल– प्रो0 अमन चन्द्रा, प्रो0 शशि बाला, श्रीमती वन्दना तिवारी।

(प्रो0 रवींद्र कुमार)
प्राचार्य

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

(डॉ0 चमन कौर)
कार्यक्रम प्रभारी

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC